लोक सभा अध्यक्ष ने महाराजा अग्रसेन संस्थान के वार्षिकोत्सव को सम्बोधित किया

...

महाराजा अग्रसेन त्याग, करूणा, अहिंसा, शांति और समता के लिए जाने जाते हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

युवा प्रतिभा के बल पर ही देश विश्व गुरु बनेगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

नौजवानों के विचारों में ऊर्जा है, नई सोच है जो समाज को नई दिशा दे सकती है: लोक सभा अध्यक्ष

...

इतिहास से सीख लेकर आधुनिकता अपनाएँ: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली, 18 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज महाराजा अग्रसेन टेक्निकल संस्था के वार्षिक-उत्सव को सम्बोधित किया। अपने अभिभाषण में श्री बिरला ने कहा कि देश का युवा देश का कर्णधार हैं, देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्र निर्माताओं के विकास के विजन को पूरा करने का दायित्व देश के युवा के कन्धों पर है।

महाराजा अग्रसेन के बारे में श्री बिरला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन त्याग, करुणा, अहिंसा, शांति, समृद्धि और समता के लिए जाने जाते हैं और उनका जीवन ही उनका संदेश था।

श्री बिरला ने कहा कि समाज में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति तभी हो सकती है जब युवा पीढ़ी को उच्च कोटि की शिक्षा मिले और जब उनकी शिक्षा पूर्ण हो जाए तो हमारे युवा समर्पित भाव से, संकल्पित होकर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रयासरत हों। उन्होंने आगे कहा कि देश के अंदर निर्धनता, निरक्षरता, पिछड़ेपन जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए समग्र राष्ट्र को एकजुट और प्रतिबद्ध होना आवश्यक है।

श्री बिरला ने कहा कि देश में स्टार्ट अप की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, तथा भारत यूनिकॉर्न स्टार्ट अप के मामले में विश्व में अग्रणी स्थान पर है।युवाओं का आह्वान करते हुए श्री बिरला ने कहा कि नौजवानों के विचारों में ऊर्जा है, नई सोच हैं जो समाज को नई दिशा दे सकती हैं। मानव समुदाय के समक्ष महामारी, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य जैसी वैश्विक समस्याएं का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि इन चुनौतियों का समाधान मानवता के साझे भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह युवाओं का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करें तथा इसके लिए इनोवेशन और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करें।

इस अवसर पर राज्य सभा सांसद श्री एन. डी. गुप्ता ने कहा कि हमारी शिक्षा पद्धत्ति ऐसी होनी चाहिए जो छात्र को प्रोफेशनल बनाने के साथ-साथ उनके चरित्र निर्माण का भी काम करे। ऐसे छात्र राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकेंगे। संस्थान के संस्थापक, अध्यक्ष और महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी के

चांसलर डॉ नन्द किशोर गर्ग ने संस्थान की चर्चा करते हुए कहा कि यह संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रोफेशनल्स देने के साथ-साथ योग्य नागरिक भी बनाता है ताकि उनके अंदर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना बनी रहे और वे देश और समाज के लिए काम करते रहें।

समारोह में 100 मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित किये गए। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को क्रमशः 51,000, 31,000, 11,000 और 5,100 राशि के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।